आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
मंगलवार 28.10.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को मंजूरी दी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने "शारदा कॉरिडोर विकास परियोजना" की समीक्षा की। सभी कार्यों को जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप करने के निर्देश दिए।
- जलागम सचिव दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में देहरादून में राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की बैठक हुई। तीन कार्य योजनाओं को स्वीकृति दी गई।
- चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने हेमकुंड साहिब और औली रोपवे की समीक्षा की।

## वेतन आयोग गठन मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के कार्यक्षेत्र को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मत्रिमंडल की बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि आयोग अपने गठन की तिथि से 18 महीनों के भीतर अपनी सिफारिशें देगा। उन्होंने बताया कि आयोग में एक अध्यक्ष, एक अंशकालिक सदस्य और एक सदस्य–सचिव होंगे।

मंत्रिमंडल ने रबी सीजन 2025–26 के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक उर्वरकों पर पोषक तत्व आधारित सब्सिडी दरों को भी स्वीकृति दे दी है। श्री वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने रबी 2025 के लिए लगभग 37 हजार 952 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। ये दरें पहली अक्तूबर से लागू होंगी। उन्होंने कहा कि इससे किसानों को सब्सिडी वाले, किफायती और उचित मूल्यों पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

## मुख्यमंत्री बैठक

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधमसिंह नगर जिले के खटीमा लोहियाहेड में "शारदा कॉरिडोर विकास परियोजना" की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को परियोजना से संबंधित सभी कार्यों को जनता की अपेक्षाओं और स्थानीय आस्था के अनुरूप करने के निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना के तहत प्रस्तावित 38 प्रमुख कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शिता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही भूमि अधिग्रहण और हस्तांतरण कार्यों को प्राथमिकता

से पूरा करने को भी कहा। श्री धामी ने सभी निर्माण कार्यों में पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने और डिज़ाइन व ढाँचा, क्षेत्र की पारंपरिक संस्कृति और स्थापत्य शैली के अनुरूप तैयार करने पर बल दिया। उन्होंने कार्यदायी संस्था को क्षेत्र में स्थानीय कार्यालय स्थापित करने के भी निर्देश दिए, ताकि निर्माण कार्यों में तेजी आए और अनावश्यक देरी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस परियोजना का उद्देश्य टनकपुर की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पहचान को सहेजते हुए, पर्यटन, पर्यावरण व श्रद्धालुओं के अनुभव को और बेहतर बनाना है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना स्थानीय रोजगार संवर्धन और जनजीवन स्तर सुधार का माध्यम बनेगी।

## कुंजापुरी मेला

टिहरी जिले के नरेन्द्रनगर में आयोजित 49वें श्री कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले के आज दूसरे दिन कृषि मंत्री गणेश जोशी ने खेलकूद प्रतियोगिता का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मेले, जहां संस्कृति के ध्वजवाहक होते हैं, वहीं खेलों से हमें शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलती है। श्री जोशी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन लगातार होने चाहिए।

इस अवसर पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि मेले के कारण नरेंद्रनगर ही नहीं, बल्कि पूरे टिहरी जिले का विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि इस मेले के माध्यम से कई खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का मौका भी मिला है।

## सारा बैठक

जलागम सचिव और स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी – सारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप जावलकर की अध्यक्षता में आज देहरादून में राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति की चौथी बैठक हुई। बैठक में जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन की दिशा में कदम बढ़ाते हुए करीब 3 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत की तीन कार्य योजनाओं को स्वीकृति दी गई। इनमें नैनीताल व ऊधमसिंह नगर के लिए भू–गर्भीय जलभृत रीचार्ज की कार्ययोजना तथा वर्षा आधारित नदियों के पुनर्जीवन के तहत, चमोली जिले की परियोजना शामिल हैं। बैठक में जल स्रोतों और नदी पुनर्जीवन से जुड़े सभी रेखीय विभागों को आपस में समन्वित रूप से कार्य करने पर विशेष बल दिया। सचिव ने जल संरक्षण कार्यों में स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित करने और ग्राम पंचायत स्तर पर धारा–नौला संरक्षण समितियों का शीघ्र गठन करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने प्रदेश के सभी जिलों को को ''एक जिला– एक नदी'' के सिद्धांत पर तैयार की जा रही अपनी

कार्ययोजनाओं में जलागम से जुड़े कार्यों को प्रमुखता से शामिल करने के भी निर्देश दिए। इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा वर्षा जल का संरक्षण व संवर्धन सुनिश्चित करना है।

## रोपवे बैठक

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने आज हेमकुंड साहिब की प्रस्तावित रोपवे परियोजना और औली रोपवे के सुधारीकरण की समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी और रोपवे निर्माण व सुधारीकरण से जुड़ी ऐजेंसी के अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने हेमकुंड साहिब रोपवे के निर्माण और औली रोपवे के सुधारीकरण को लेकर सर्वेक्षण कर निजी भूमि, राजस्व भूमि और वन भूमि का चिन्हिकरण कर अधिग्रहण या हस्तांतरण की प्रक्रिया को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश ने बताया कि हेमकुंड साहिब रोपवे निर्माण कार्य के लिए समिति का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि औली रोपवे निर्माण को लेकर भी ब्रिडकुल की ओर से विस्तृत परियोजना रिपोर्ट शासन को भेजी गई है।

## नगर निगम

देहरादून नगर निगम ने इस त्योहारी सीजन में एक हजार मीट्रिक टन अतिरिक्त कूड़े का उठान किया है। नगर आयुक्त नमामि बंसल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि पर्वों के दौरान निगम ने रात में भी कूड़ा उठाने का अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि राज्य स्थापना की रजत जयंती को लेकर देहरादून में लगातार शासकीय कार्यक्रमों का आयोजन होना है, इसलिए रात में कूड़ा उठाने का अभियान जारी रहेगा।

## राज्य स्थापना दिवस

राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर प्रदेशभर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी क्रम में बागेश्वर जिले में आगामी तीन नवम्बर से नौ नवम्बर तक विभिन्न विभागों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश की विकास यात्रा और उपलब्धियों को जन–जन तक पहुँचाना है।

## छठ महापर्व सम्पन्न

लोक आस्था का महापर्व छठ, उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ आज संपन्न हो गया। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज सुबह श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य दिया। राज्य के मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सपरिवार देहरादून के प्रेमनगर स्थित टोंस नदी के घाट पर पहले अस्ताचलगामी और फिर उदीयमान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस अवसर पर उन्होंने सूर्यदेव और छठ माता से प्रदेश की समृद्धि और खुशहाली की कामना की।